संख्या–cm-636
31/12/2021

# मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले पर स्वास्थ्य विभाग के साथ समीक्षा बैठक की

मुख्य बिन्दु :–

- ओमिक्रोन के टेस्टिंग की जल्द से जल्द राज्य में ही व्यवस्था करें ताकि ओमिक्रोन संक्रमितों का शीघ्र पता चल सके और उनका ससमय इलाज हो सके।
- कोरोना संक्रमण में वृद्धि के ट्रेंड देखे जा रहे हैं, इस पर पूरी नजर रखें।
- सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों के साथ–साथ जिला अस्पताल एवं अनुमण्डल अस्पताल में भी पूरी तैयारी रखें।
- ऑक्सीजन एवं दवा की पर्याप्त उपलब्धता रखने के साथ–साथ टेक्नीशियन एवं पूरी मेडिकल टीम को अलर्ट मोड में रखें।
- आज 10 करोड़ कोरोना टीका का डोज दिया जा चुका है, यह खुशी की बात है।
- कोरोना के प्रति सभी लोग सजग एवं सचेत रहें।

**पटना, 31 दिसम्बर 2021** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले पर स्वास्थ्य विभाग के साथ समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कोरोना के बढ़ते मामले तथा उससे बचाव को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने देश में ओमिक्रोन वेरियेंट की राज्यवार स्थिति, राज्य में पिछले आठ दिनों का प्रतिदिन टेस्टिंग और पाजिविटी रेट आदि के संबंध में जानकारी दी।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सभी जिलों के लिये नोडल ऑफिसर बनाये गये हैं, जो एक–एक चीज पर नजर रखेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्पीड पोस्ट के माध्यम से कोविड होम आइसोलेशन मेडिकल कीट लोगों के घर तक पहुँचाया जायेगा, जिसमें होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों के लिये दवा के उपयोग की विधि एवं

प्रिकॉशन के बारे में जानकारी भी लिखी रहेगी। उन्होंने बताया कि बिहार में टीकाकरण की रफ्तार और बढ़ रही है और आज तक 10 करोड़ कोरोना टीका का डोज दिया जा चुका है।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ओमिक्रोन के टेस्टिंग की जल्द से जल्द राज्य में व्यवस्था करें ताकि ओमिक्रोन संक्रमितों का शीघ्र पता चल सके और ससमय इलाज हो सके। पिछले दो तीन दिनों से कोरोना संक्रमण में वृद्धि के ट्रेंड देखे जा रहे हैं, इस पर पूरी नजर रखें। सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों के साथ–साथ जिला अस्पताल एवं अनुमण्डल अस्पताल में भी पूरी तैयारी रखें। ऑक्सीजन एवं दवा की पर्याप्त उपलब्धता रखने के साथ–साथ टेक्नीशियन एवं पूरी मेडिकल टीम को अलर्ट मोड में रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसी कि जानकारी दी गयी है कि आज 10 करोड़ कोरोना टीका का डोज दिया जा चुका है, यह हम सबों के लिये खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि कोरोना के प्रति सभी लोग को सजग एवं सचेत रहें।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत एवं मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार उपस्थित थे।

******